बिहार सरकार
बिहार कौशल विकास मिशन
श्रम संसाधन विभाग
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 15.07.2024 को विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम संसाधन विभाग द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। यह कार्यक्रम दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना में किया जाना प्रस्तावित है।

इस अवसर पर बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम संसाधन विभाग द्वारा सम्पादित कार्यों, विभिन्न भौतिक मॉडलों, विभागीय गतिविधियों एवं अन्य कार्यक्रमों के आयोजन के पूर्ण प्रबंधन एवं संचालन करने हेतु अर्हताधारी व्यक्ति/कंपनी/संस्था से **दिनांक 05.07.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक प्रस्ताव** आमंत्रित किया जाता है।

**निविदा में भाग लेने हेतु शर्तें–**

1. निविदा में पंजीकृत फर्म भाग लेंगे।
2. निविदा के साथ अग्रिम राशि के रूप में रू. 50,000/– (रूपये पचास हजार) मात्र का बैंक ड्राफ्ट बिहार कौशल विकास मिशन, पटना के नाम से देय होगा।
3. इस प्रकार के आयोजन हेतु सरकारी कार्यक्रमों के इवेंट मैनेजमेंट/राजकीय मेला/प्रदर्शनी के कार्य अनुभव का प्रमाण पत्र देना होगा।
4. निविदादाता द्वारा पूर्व 3 वर्षों में (01.04.2021 के पश्चात से अब तक) सरकारी ईवेंट मैनेजमेंट/ राजकीय मेला/प्रदर्शनी का कम से कम 04 लाख रूपये के एकल कार्यादेश पर कार्य किया हो।
5. निविदादाता का जी0एस0टी0 पंजीयन संलग्न करना अनिवार्य है।
6. संक्षिप्त कार्यविवरण वित्तीय निविदा में उल्लेखित है। वित्तीय निविदा के प्रत्येक अवयव के विरूद्ध समेकित वित्तीय बोली अंकित की जानी होगी, अन्यथा वित्तीय निविदा निरस्त कर दी जायेगी। सभी अवयवों के समेकित वित्तीय बोली के कुल मूल्य के आधार पर न्यूनतम वित्तीय बोली का चयन किया जायेगा।
7. वित्तीय निविदा एक अलग सीलबंद लिफाफे में देना होगा।
8. निविदादाता को अपने फर्म के पुराने सरकारी कार्यादेशों सहित तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में देना होगा। लिफाफे के ऊपर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग अंकित करना होगा, तथा फिर दोनों को एक तीसरे लिफाफे में सील बंद कर जमा करना होगा।
9. निविदादाता को दिनांक 05.07.2024 को ही अपराह्न 04:00 बजे इस कार्य को व्यवधान रहित एवं इस कार्य के सभी अवयवों को किस तरह से सम्पादित किया जायेगा इसका एक संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण देना होगा। प्रस्तुतीकरण एवं तकनीकी रूप से सफल निविदादाता की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
10. अद्योहस्ताक्षरी का बिना कारण बताये किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार रहेगा। अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये वित्तीय निविदा के अवयवों के संख्याओं में परिवर्तन करने का अधिकार होगा।
11. त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

12. दिनांक 05.07.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के 'ए' विंग, पांचवा तल, नियोजन भवन, आयकर गोलम्बर, बेली रोड, पटना स्थित कार्यालय में निविदा अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जानी चाहिए। दिनांक 05.07.2024 को अपराह्न 4:00 बजे बिहार कौशल विकास मिशन के कार्यालय कक्ष में निविदा खोली जायेगी जिसमें निविदादाता भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।
13. प्रस्तुतीकरण एवं तकनीकी रूप से सफल जिस निविदादाता की कुल बोली न्यूनतम होगी उसे सफल निविदादाता घोषित किया जायेगा और कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
14. कार्य समाप्ति के पश्चात सफल निविदादाता के द्वारा विपत्र जमा किया जायेगा जिसे बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा 15 कार्यदिवस में भुगतान कर दिया जायेगा।
15. वित्तीय निविदा में अंकित कार्य एवं विवरण की संभावित संख्या दी गई है, जिसमें अधिकतम 25 प्रतिशत तक के परिवर्तन पर Pro-rata basis पर भुगतान किया जायेगा।
16. कोई कार्य संपादित नहीं करने पर उस कार्य का भुगतान नहीं किया जाएगा। साथ ही, कोई कार्य संपादित नहीं होने या संतोषप्रद कार्य न करने की स्थिति में कुल कार्यादेश की राशि का अधिकतम 10 प्रतिशत राशि जुर्माने के रूप में लगाई जा सकती है।
17. यह निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट https://skillmissionbihar.org/ पर देखी जा सकती है।

24/6/24

**मिशन निदेशक,**
**बिहार कौशल विकास मिशन**
**मो. न. 9431881162**

# वित्तीय निविदा (फर्म के लेटर हेड पर)

| क्र. | विवरण | अनुमानित संख्या | प्रत्येक अवयव का समेकित मूल्य (जीएसटी छोड़कर) |
|---|---|---|---|
| 1. | Leaflet Pamplet (A4 size, both side multicolour, 90 GSM Art paper) | 50000 | |
| 2. | Diary and Pen (Single colour with printing) | 500 | |
| 3. | White Cap with mention of 'विश्व युवा कौशल दिवस, 2024' in Blue Colour along with BSDM logo. | 8000 | |
| 4. | Standard Coffee table book (25 page) – hardcover/hardback binding with designer jacket, at least 120 gsm glossy coated art paper to be used to print inner pages of the coffee table book, 10"x12" size | 125 | |
| 5. | Octonorm with Facia (Approx. 6X8 sqft.) | 8 | |
| 6. | Gate decorated with multicolour flex and flowers (Approx 15 X 15 sqft.) | 2 | |
| 7. | Table covered by new cloth (for competition and demo, each size 4 ft.) | 50 | |
| 8. | Plastic good quality chair (for competition and demo) | 110 | |
| 9. | Flex for each trades along with PI logos (6X4 sqft.) | 15 | |
| 10. | Creatives Printing (Standees) (6X3 Sqft.) | 20 | |
| 11. | Lamp Lighting (along with Candle, Kapoor and Match box) complete set. | 1 | |
| 12. | Photography (for complete event– 1 Photographer) | 1 | |
| 13. | Videography for complete event (for complete event– 1 Videographer) | 1 | |
| 14. | Flower Decoration on stage (3X30 sqft) | 1 | |
| 15. | Banner (8X12 sqft.) | 2 | |
| 16. | Sitting Plan Stands and small display board for trades | 15 | |
| 17. | Selfie Zone | 2 | |
| 18. | World Youth Skill Day (Wooden Cutout) | 1 | |
| 19. | Garland for Dashrath Manjhi Portrait | 10 | |
| 20. | Red Carpet (4 feet wide carpet - 100 ft) | 1 | |
| 21. | Certificate | 250 | |
| 22. | Readymade frame for certificates | 250 | |
| 23. | Memento (Maximum Market Price 1000 per memento) | 35 | |
| 24. | Bouquet (Maximum Market Price 250 per Bouquet) | 5 | |
| 25. | Chest card | 400 | |
| 26. | Dummy Cheques (2X4 sqft.) | 26 | |
| 27. | VIP folder with BSDM logo | 10 | |
| 28. | Media Folder (Jute bag with BSDM logo) | 40 | |
| 29. | File Folder with chain | 5 | |
| 30. | Sapling | 10 | |
| 31. | Ushers | 2 | |
| 32. | Tray | 5 | |
| 33. | Calligrapher | 2 | |
| 34. | Food Coupon | 500 | |
| 35. | Medals (Gold, Silver and Bronze) | 75 | |
| 36. | | | |
| सभी अवयवों की कुल वित्तीय बोली (Total Price in figure) | | | |
| सभी अवयवों की कुल वित्तीय बोली (Total Price in words) | | | |

नोट :

1. निविदादाता को सभी अवयवों को पूरा करना होगा एवं प्रत्येक अवयव के विरूद्ध समेकित वित्तीय मूल्य कोट करना होगा। सभी समेकित वित्तीय मूल्य को जोड़कर कुल मूल्य शब्दों एवं अंकों में उल्लेखित करना होगा।
2. जीएसटी को छोड़कर वित्तीय मूल्य कोट करना होगा। जीएसटी अलग से भुगतान की जायेगी।
3. टीडीएस की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
4. प्रस्तुतीकरण एवं तकनीकी रूप से सफल जिस निविदादाता का वित्तीय बोली सबसे कम होगी उस निविदादाता को सफल निविदादाता घोषित किया जायेगा।

हस्ताक्षर

दिनांक :

अधिकृत प्रतिनिधि का नाम :

फर्म का नाम :

मो नं. :